दिनांक : 10.08.2025 समय : 08.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बेंगलुरु के दौरे पर, तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का करेंगे शुभारंभ।
- केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उमरिया में आज रेल कोच इकाई का करेंगे भूमिपूजन।
- ग्राम विकास के लिए नर्मदापुरम जिले की 10 पंचायतें होंगी पुरुस्कृत।

और

- मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 10 जिलो के लिए जारी किया बारिश का येलो अलर्ट।

प्रधानमंत्री कर्नाटक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कर्नाटक के एक दिन के दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी बेंगलुरु में के.एस.आर. रेलवे स्टेशन पर तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इनमें बेंगलुरु से बेलगावी, अमृतसर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर (अजनी) से पुणे जाने वाली ट्रेन शामिल हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। श्री मोदी आर. वी. रोड, रागीगुड्डा से इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो की सवारी भी करेंगे। उनका बेंगलुरु में शहरी संपर्क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। इस दौरान, श्री मोदी 15 हजार छह सौ 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली बेंगलुरु मेट्रो के तीसरे चरण की परियोजना की आधारशिला रखेंगे। इस परियोजना की कुल लंबाई 44 किलोमीटर से अधिक होगी और इसमें 31 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इस बारे में मुख्य महाप्रबंधक मुकुल चंद्र ने बताया कि वन्दे भारत ट्रेन अंतराज्य यात्रा के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। 2030 तक वंदे भारत ट्रेनों की संख्या और बढ़ाई जाएगी।

प्रधानमंत्री - हर घर तिरंगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि हर घर तिरंगा को पूरे भारत में अभूतपूर्व लोकप्रियता मिल रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के लोगों को एकजुट करने वाली गहरी देशभक्ति की भावना और तिरंगे पर उनके अटूट गर्व को दर्शाता है। उन्होंने लोगों से harghartiranga.com पोर्टल पर तस्वीरें और सेल्फी साझा करते रहने का आग्रह किया है।

भारत-अमरीका रूस

भारत ने अमरीका और रूस के बीच 15 अगस्त को अलास्का में होने वाली बैठक का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह बैठक रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष को समाप्त करने और शांति स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है और इसलिए भारत दोनों देशों के बीच होने वाली बैठक और शांति प्रयासों का समर्थन करता है।

रेल कोच फैक्ट्री

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज रायसेन जिले के उमरिया ग्राम में रेल कोच इकाई का भूमिपूजन करेंगे। उमरिया में 60 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर 1800 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली ब्रह्मा परियोजना यानी बीईएमएल रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग से राजधानी भोपाल सहित रायसेन, सीहोर और विदिशा आदि जिलों को लाभ होगा। और करीब 5 हजार लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे, इस इकाई के शुरू होने पर यहां वंदे भारत-अमृत भारत और मेट्रो ट्रेनों के कोच का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि न सिर्फ राजधानी क्षेत्र बल्कि प्रदेश के विकास को गति देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना से निकट स्थित औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप भी लाभान्वित होगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, रक्षा उत्पाद सचिव संजीव कुमार, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार, भारत अर्थ मूवर्स परियोजना के अध्यक्ष शांतनु राय मौजूद रहेंगे।

दिल्ली पुस्तक मेला

नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में चल रहे दिल्ली पुस्तक मेले का आज अंतिम दिन है। मेले में विविध विषयों पर भारतीय पुस्तकों का एक विशाल संग्रह प्रस्तुत किया गया है। यह मेला व्यावसायिक लेन-देन, नए संपर्क स्थापित करने, सह-प्रकाशन व्यवस्था, अनुवाद तथा कॉपीराइट व्यवस्था, और पुरानी दुर्लभ पुस्तकों के पुनर्मुद्रण के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है। इस दौरान कई सम्मेलन, पुस्तक विमोचन और लेखकों से भेंट करने के कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में विक्रेता और ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सदस्य, मॉनिका शर्मा ने बताया कि मेले ने उनके संस्थान को लोगों के बीच अध्यात्म और योग का संदेश देने का अवसर मिला।

## निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 334 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया है। ये दल 2019 से छह वर्षों तक एक भी चुनाव लड़ने की अनिवार्य शर्त पूरी करने में विफल रहे हैं। इन दलों के कार्यालयों का भी कोई अता पता नहीं है।

## पंचायत पुरुस्कृत

ग्राम पंचायत में विकास को लेकर बेहतर प्रदर्शन करने वाली नर्मदापुरम जिले की 10 पंचायतें पुरुस्कृत होंगी। जिले में प्रशासन द्वारा जमीनी स्तर पर योजनाओं से संबंधित कार्यों की प्रगति पर सतत निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में प्रशासन के मार्गदर्शन में पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 के 9 विषयों में जिले की अलग-अलग 10 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। जिन्हे 13 अगस्त को पुरुस्कृत किया जाएगा। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज्य अभियान के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रविन्द्र शर्मा ने बताया कि पंचायत उन्नति सूचकांक ग्रामीण स्वशासन संस्थाओं, पंचायतों के समग्र विकास, प्रदर्शन और प्रगति के आंकलन का एक पैमाना तय किया गया है। पंचायत उन्नति सूचकांक के 9 विषयों में से गरीबी मुक्त पंचायत में ग्राम टांगना, स्वास्थ्य सुरक्षा में जुझारपुर, चाइल्ड फ्रेंडली में खैरुआ, पर्याप्त जल के लिए अमूपुरा, स्वच्छता और हरित पंचायत भांगिया, आत्मनिर्भर में मुहारीकला, सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण पंचायत के लिए दतवासा, सुशासन के लिए गुराडियाजात, महिला अनुकूल पंचायत बीजमानी ने जिले में अव्वल स्थान प्राप्त किया है।

## चेन्नई ओपन शतरंज

दुनिया के पाँचवें नंबर के शतरंज खिलाड़ी भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी कल क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अमरीकी ग्रैंडमास्टर रे रॉबसन को हराकर दूसरे स्थान पर बने हुये हैं। जर्मनी के विंसेंट कीमर टूर्नामेंट में पहले स्थान पर बने हुए हैं। मास्टर्स श्रेणी में राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में अभी छह राउंड बचे हुए हैं। भारत के एक और ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने भारत के ही निहाल सरीन पर एक जीत के साथ वापसी की। इस प्रतियोगिता में सबसे युवा वी प्रणव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त अनीश गिरी के साथ ड्रॉ खेलकर अपने खेल से सबको प्रभावित किया।

## फुटबॉल-डूरंड कप

मोहन बागान सुपरजाइंट्स 134वें डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है। ग्रुप बी के आखिरी लीग मैच में मोहन बागान ने कल डायमंड हार्बर एफसी को 5-1 से हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। मोहन बागान के लिए अनिरुद्ध थापा, जेमी मैकलारेन, लिस्टन कोलासो, सहल अब्दुल समद और जेसन कमिंग्स ने गोल किए, जबकि डायमंड हार्बर एफसी के लिए लुका माजसेन ने एकमात्र गोल किया।

मौसम

मौसम विभाग ने आज भोपाल, नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल सहित 10 जिलो में तेज बारिश की संभावना जताई हैं विभाग ने श्योपुर, मुरैना, पन्ना, कटनी, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, सिवनी और बालाघाट सहित कुछ अन्य जिलो में येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया एक्टिव होने से 13 अगस्त से फिर मध्यप्रदेश में तेज बारिश का दौर शुरू होगा। टर्फ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिविटी होने से ऐसा होगा। अगले 5 दिन तक कई जिलों में भारी बारिश होगी।

फसल बीमा

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विकास विभाग ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमा की तिथि बढ़ा दी है। अऋणी किसानों के लिए खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 14 अगस्त कर दी है तथा ऋणी किसानों के लिए अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अगस्त कर दी गई है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- लोक निर्माण विभाग द्वारा पर्यावरण को बेहतर बनाने संबंधि संगोष्ठी एवं प्रशिषण कार्यक्रम 11 अगस्त को रविंद्र भवन भोपाल मे आयोजित किया जाएगा। इसमें विभाग के इंजीनियर विषय विशेषज्ञो से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे।
- राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा डी एल एड प्रथम प्रवेश हेतु चतुर्थ चरण की प्रवेश हेतु सूची जारी की गई है। इसमे प्रवेश हेतु समस्त पात्र विद्यार्थी अपने मूल अभिलेखों के साथ 11 एवं 12 अगस्त को डाइट उमरिया में अभिलेख सत्यापन के लिए उपस्थित हो सकते है।
- खरगोन जिले के बलवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिकनिक स्पॉट चिड़िया भड़क स्थित चोरल नदी  में डूबने से कल इंदौर निवासी एक युवक की मौत हो गई।

-------